>

Title: Shortage of fertilizers in the Country.

चौधरी विजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) : महोदय, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please do not disturb. He is raising a very important issue.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : महोदय, हमारा देश एक कृषि प्रधान देश है। 80 प्रतिशत लोग यहां प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर करते हैं। उत्तर प्रदेश इस देश का एक प्रमुख राज्य है। यहां के किसानों का प्रमुख कार्य खेती है। अभी रबी की फसल की बुआई का वक्त चल रहा है। पूरे प्रदेश में खाद की समस्या विकराल रूप लेकर खड़ी हो गयी है। पूरे प्रदेश में कोआपरेटिव सैक्टर में एक बोरी खाद नहीं भेजी गयी। किसानों ने जो लोन कोआपरेटिव सोसाइटीज से लिया था, एनएसएसओ से लिया था, उन्होंने समय से उसका भुगतान भी कर दिया, लेकिन भुगतान करने के बावजूद भी किसान वहां पर खाद से वंचित हैं। यही नहीं पूरी-पूरी रात वहां सोसाइटियों पर किसान हजारों की संख्या में पड़े हैं। जनपद मुख्यालयों पर धरने-प्रदर्शन, रेल रोको अभियान भी चल रहे हैं, ...(व्यवधान)* मैं कहना चाहता हूं कि खाद की समस्या पूरे देश की समस्या है।

MR. SPEAKER: Don't mention the State Government. Please bring it to me.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : खाद्यान्न की कमी होगी और जो उत्पादन कम होगा, उससे राष्ट्र के सामने एक बड़ा भारी संकट पैदा हो जाएगा। सबसे बड़ी बात किसानों की आर्थिक स्थिति दुर्दशा के पैमाने पर पहुंच जाएगी। किसान आर्थिक रूप से बर्बाद होगा और उससे खाद्यान्न में कमी आएगी। आने वाले भविष्य में देश के सामने खाद्यान्न का संकट पैदा हो सकता है। मैं इतना कहना चाहता हूं कि भारत सरकार ने वैजनाथ की रिपोर्ट पर कई हजार करोड़ रूपए प्रदेश सरकार को दिए हैं, ...(व्यवधान) *

महोदय, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि किसानों के हितों का ख्याल रखते हुए आप सरकार को ...(व्यवधान)* रबी की फसल की बुआई समय से हो सके और राष्ट्र में ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You cannot make critical reference to any State Government. Please bring it to me.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : और किसानों को आर्थिक रूप से परेशानी का सामना न करना पड़े। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : भोजपुरी के बारे में कई बार हो चुका है।

â€¦(व्यवधान)

---

* Not recorded

SHRI BASU DEB ACHARIA : Mr. Speaker, Sir, I have also given a notice.

MR. SPEAKER: 46 hon. Members have given notices.